**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1935**
**उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026**

## करौली-धौलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतनेट परियोजना

**1935. श्री भजन लाल जाटवः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत करौली-धोलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में जून 2025 तक ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जुड़े गांवों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त क्षेत्र में वर्तमान में कार्यरत सामान्य सेवा केंद्रों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा करौली-धौलपुर के पिछड़े और अल्पसंख्यक-बहुल क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच में सुधार लाने और डिजिटल अंतर को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) करौली और धौलपुर जिलों में भारत नेट परियोजना के तहत 250 ग्राम पंचायतों (जीपी) को सेवा प्रदान कराने के लिए तैयार कर दिया गया है।

(ख) करौली और धौलपुर जिलों सहित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) का राज्य-वार विवरण वेबसाइट https://csc.gov.in. पर उपलब्ध है।

(ग) सरकार, 4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टॉवरों की स्थापना के माध्यम से इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि के तहत विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित कर रही है। इसके अलावा, भारतनेट परियोजना का लक्ष्य सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और मांग के आधार पर गांवों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत, करौली और धौलपुर ज़िलों में 28 मोबाइल टॉवर और भारत नेट परियोजना के तहत 419 फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन कार्य कर रहे हैं।

*****